हरिभूमि
झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 19 नवंबर 2025

10 ग्रामीणों को किया नशा मुक्ति के प्रति जागरुक



10 खंड परियोजना कार्यान्वयन इकाई ने बैठक में की गई समीक्षा



## खबर संक्षेप

### मकान के सामने से गाड़ी चोरी

**बहादुरगढ़।** इलाके में वाहनों की चोरी थमने का नाम नहीं ले रहीं। अब लाइनपार में नाहरा नाहरी रोड स्थित एक मकान के बाहर से गाड़ी चोरी हो गई। वाहन मालिक की ओर से पुलिस को शिकायत दे दी गई है। जयप्रकाश का कहना है कि उसने 16 नवंबर को अपने मकान के सामने अपनी गाड़ी खड़ी की थी। सोमवार को देखा तो गाड़ी नहीं मिली। अपने स्तर पर काफी तलाश की लेकिन नहीं मिली। कोई अज्ञात शख्स चुरा ले गया है। पुलिस तलाशने में मदद करे। उधर, लाइनपार थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### हथियार रखने व सप्लाई करने के दो आरोपी पकड़े

**झज्जर।** जिले की सीआईए पुलिस टीम द्वारा अलग-अलग स्थानों से अवैध हथियार रखने व हथियार सप्लाई करने के दो आरोपियों को पकड़ा गया है। सीआईए प्रभारी कर्मवीर कुमार ने बताया कि उनकी एक टीम जब दुजाना थाना एरिया में मौजूद थी तो उन्हें रामपुर गांव की तरफ से एक व्यक्ति पैदल आता दिखाई दिया। संदेह होने पर पुलिस टीम ने जब व्यक्ति की तलाशी ली तो उसके पास से एक अवैध हथियार बरामद हुआ। आरोपी की पहचान रामपुर गांव निवासी राहुल के तौर पर हुई है।

### अवैध हथियार सहित दो आरोपी काबू

**बहादुरगढ़।** स्थानीय पुलिस ने अवैध हथियार सहित दो आरोपी गिरफ्तार किए हैं। इनके खिलाफ सिटी थाने में केस दर्ज किए गए हैं। पहला मामला सेक्टर-9 मोड़ का है। दरअसल, यहां पुलिस की ओर से नाकाबंदी की गई थी। सीआईए 2 की टीम ने जांच के दौरान यहां एक युवक की तलाशी ली तो उसके पास एक पिस्तौल व एक कारतूस बरामद हुआ। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया। उसकी पहचान ललित निवासी सत्यमपुरम के रूप में हुई है।

### 21 को फिर से धरना देने का निर्णय

**बहादुरगढ़।** हुडा जन स्वास्थ्य कर्मचारी यूनियन की आम सभा मंगलवार को सेक्टर-9 स्थित हुडा वाटर वर्क्स में आयोजित की गई। आम सभा में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि शुक्रवार 21 नवंबर को एचएसवीपी कार्यालय सेक्टर-9 पर सुबह से शाम तक धरना प्रदर्शन किया जाएगा। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रधान रमन जून ने की, जबकि संचालन जिला सचिव रमेश कुमार बिधलान ने किया। वरिष्ठ जिला उपप्रधान मदन मोहन नागर ने बताया कि यूनियन ने 24 अक्टूबर को एचएसवीपी कार्यालय के समक्ष ठेकेदार संजय के विरुद्ध धरना दिया था। उस दौरान ठेकेदार ने लिखित आश्वासन दिया था कि 12 नवंबर तक कर्मचारियों के खातों में बीते 11 महीनों का ईपीएफ व ईएसआई तथा अक्टूबर माह का वेतन जारी कर दिया जाएगा।

### लाखों का स्क्रैप, घरेलू सामान, व नवजात पिल्लों की भी जान गई

# पीवीसी स्टॉक में लगी आग से जल गई दर्जनभर झुग्गियां

*झुग्गियों में रहने वाले परिवारों के कपड़े, राशन, बर्तन सहित तमाम समान जल गया। वहीं लाखों की कीमत का पीवीसी कबाड़ भी खाक हो गया।*

**आग बुझाने में दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के छोटूराम नगर में स्थित अवैध पीवीसी स्क्रैप के स्टॉक में बीती रात को भीषण आग लग गई। आग से दर्जनभर झुग्गियां, घरेलू सामान सहित काफी मात्रा में प्लास्टिक स्क्रैप जलकर राख हो गया। झुग्गियों में रहने वाले परिवारों ने भागकर अपनी जान बचाई, वहीं कुछ नवजात पिल्लों की जलने से मौत हो गई। कई घंटे बीत जाने के बाद भी मंगलवार दोपहर तक भी आग सुलग हुई थी।

जानकारी के अनुसार, छोटूराम नगर में बडी संख्या में अवैध पीवीसी स्क्रैप के गोदाम हैं। सोमवार की रात करीब 11 बजे यहां एक स्टॉक में आग सुलग गई। प्लास्टिक, रबड़ आदि ज्वलनशील पदार्थ होने के चलते आग तेजी से फैल गई। जब तक दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंचती, आग पूरी तरह से भड़क चुकी थी।

आग बुझाने में दमकल कर्मियों को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। आग लगने का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है लेकिन नुकसान काफी हुआ है। करीब दर्जनभर झुग्गियां जलने की बात सामने आई है। झुग्गियों में रहने वाले परिवारों के कपड़े, राशन, बर्तन सहित तमाम समान जल गया। वहीं लाखों की कीमत का पीवीसी कबाड़ भी खाक हो गया।

बिहार के नालंदा मूल के दलीप ने बताया कि रात को अचानक आग लग गई और तेजी से फैल गई। उनका सारा माल और घरेलू सामान जलकर राख हो गया। जैसे ही आग लगी तो जैसे तैसे अपनी व परिवार की जान बचाई। इस हादसे में हाल ही में जन्में कुछ पिल्ले भी जलकर मर गए। बता दें कि बहादुरगढ में जगह-जगह मौजूद ये अवैध पीवीसी मार्केट परेशानी का सबब बन गई हैं। आए दिन कहीं न कहीं आग लग जाती है और कई दिन तक बुझ नहीं पाती। इन पीवीसी गोदामों में बार बार लगती आग इलाके की फिजा में जहर घोल रही है। इस मामले में प्रशासन द्वारा बार-बार कार्रवाई करने की बातें तो की जाती हैं लेकिन स्थाई समाधान नहीं हो पा रहा।



**बहादुरगढ़।** आग बुझाने का प्रयास करता दमकल कर्मी।



**बहादुरगढ़।** आग में बचा हुआ सामान निकालता प्रवासी।

### तीन दिन के लिए बराही फाटक भी बंद

# मेगा ब्लॉक के चलते दिल्ली-रोहतक रेलमार्ग पर सेवाएं रहेंगी बाधित



**बहादुरगढ़।** रेलवे की ओर से बंद की गई बराही फाटक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

दिल्ली-रोहतक रेल मार्ग पर बहादुरगढ़–आसौदा के बीच पुल संख्या 62 पर बुधवार को स्लैब रखने काम किया जाएगा। इसके चलते रेलवे ने साढ़े सात घंटे का मेगा ब्लॉक घोषित किया है। इस दौरान इस रूट पर रेल यातायात पूरी तरह से बाधित रहेगा। कई गाड़ियां रद्द रहेंगी तो कुछ गाड़ियों का रूट बदला गया है। मंगलवार को तीन दिन के लिए बराही फाटक भी बंद कर दी गई है।

सुबह सवा दस बजे से शाम पौने छह बजे तक मेगा ब्लॉक रहेगा। इस ब्लॉक के चलते 64912 ईएमयू (रोहतक–दिल्ली), 54032 डीजे पैसेंजर रद्द रहेंगी। किसान एक्सप्रेस 14732 रोहतक तक ही आएगी, दिल्ली नहीं जाएगी। इंटर सिटी एक्सप्रेस 12482 रोहतक तक ही सीमित रहेगी और आगे दिल्ली नहीं जाएगी। इसी तरह 16032 अंडमान एक्सप्रेस वाया गोहाना–सोनीपत होकर नई दिल्ली जाएगी, रोहतक नहीं जाएगी। वहीं, 64932 जींद–दिल्ली ईएमयू, 64915 ईएमयू दिल्ली–रोहतक, 54031 दिल्ली–जींद पैसेंजर, 14323/24 बरेली इंटरसिटी एक्सप्रेस दोनों दिशाओं में रद्द रहेंगी। किसान एक्सप्रेस 14731 रोहतक से बनकर चलेगी। इसी तरह 12481 इंटरसिटी एक्सप्रेस रोहतक से रवाना होगी तथा 54035 जाखल पैसेंजर व 64931 दिल्ली जींद ईएमयू भी रद्द रहेंगी। अवध–आसम एक्सप्रेस को शकूरबस्ती–घेवरा के बीच 50 मिनट रोका जाएगा। यह काम सांखोल बराही फाटक से कुछ ही कदमों की दूरी पर चल रहा है। इसलिए एहतियात के तौर पर रेलवे ने तीन दिन तक इस फाटक को बंद रखने का एलान किया है।



**बहादुरगढ़।** रेलमार्ग पर बने इस पुल पर रखा जाएगा स्लैब।

इस संबंध में फाटक पर नोटिस बोर्ड भी लगा दिया गया। अधिकारियों का कहना है कि काम के दौरान रूट बंद बाधित रहेगा और बराही फाटक भी बंद रखी जाएगी। दिल्ली- रोहतक रूट पर मेगा ब्लॉक के चलते एक दिन यात्रियों को काफी परेशानी झेलनी पड़ेगी। इस रूट पर रोजाना हजारों यात्री सफर करते हैं। ऐसे में बहादुरगढ़ से दिल्ली या रोहतक जाने वाले यात्रियों को मेट्रो तथा अन्य वाहनों का रुख करना पड़ेगा।



# टायर फटने के बाद ट्राले में लगी आग

**बहादुरगढ़।** केएमपी एक्सप्रेस-वे पर बीती देर रात को मांडोठी टोल के निकट टायर फटने के बाद ट्राले में आग लग गई। देखते ही देखते ट्राला पूरी तरह से जल गया और उसमें रखा लाखों का माल राख हो गया। जानकारी के अनुसार, पानीपत से प्लास्टिक दाना-सोल आदि माल भरकर एक ट्राला मध्य प्रदेश के लिए चला। जब केएमपी पर मांडोठी टोल के निकट पहुंचा तो अचानक गाड़ी का टायर फट गया। इसके बाद गाड़ी में सवार चालक व एक अन्य शख्स बाहर निकले। देखा तो टायर के पास स्पार्किंग हो रही थी। एकाएक आग तेजी से भड़क गई। सूचना पाकर पुलिस व दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। लेकिन तब तक गाड़ी आग का गोला बन चुकी थी। दो गाड़ियों के सहारे आग बुझाई गई लेकिन तब तक गाड़ी व सारा माल जलकर राख हो गया।

## विकास कार्यों को निर्धारित समयावधि में पूरा करे विभाग



**झज्जर।** बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए एसडीएम रेणुका नांदल।

**झज्जर।** मंगलवार को बेरी एसडीएम रेणुका नांदल ने अधिकारियों व ब्लॉक के सभी पंचायत प्रतिनिधियों की बैठक लेते हुए ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों की विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं को सुनते हुए संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्धारित समयवधि में विकास कार्यों को पूरा करने व तत्परता से समस्याओं का निदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उपमण्डल प्रशासन की प्राथमिकता लोगों तक विकास और कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचाना है। एसडीएम ने सभी पंचायत प्रतिनिधियों से आह्वान किया कि वे विकास से जुड़ी परियोजनाओ के बेहतर किर्यान्वयन में सहयोग करें। इसके अलावा उन्होंने बैठक में उपस्थित पंचायत प्रतिनिधियों को नशे के प्रति गांवों में जागरूकता अभियान चलाने के लिए भी प्रेरित किया।

# शल्य चिकित्सा अभियान के दूसरे दिन जिले के सरकारी अस्पतालों में किए 22 ऑपरेशन



**झज्जर।** सिजेरियन ऑपरेशन के उपरांत जच्चा–बच्चा के साथ उपस्थित चिकित्सक।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत सोमवार से शुरू हुए विशेष शल्य चिकित्सा अभियान के अंतर्गत आयुष्मान लाभार्थियों को कूल्हा एवं घुटना प्रत्यारोपण, बच्चेदानी का ऑप्रेशन, मोतियाबिंद, हर्निया आदि की सुविधाएं निःशुल्क प्रदान की जा रही है। इस कड़ी में जहां पहले दिन जिले के विभिन्न सरकारी अस्पतालों में 31 लाभार्थियों का सफल ऑप्रेशन किया गया था वहीं मंगलवार को बेरी अस्पताल में द्विपक्षीय नलिका उच्छेदन के साथ एलएससीएस का एक, द्विपक्षीय नलिका उच्छेदन के दो व दंत प्रभाव संबंधी एक ऑप्रेशन किया गया। नागरिक अस्पताल बहादुरगढ़ में बीएल हाइड्रोसील सामान्य शल्य चिकित्सा का एक, प्रसूति एवं स्त्री रोग एलएससीएस का एक व प्रभावित दांत निकालने संबंधी एक ऑप्रेशन किया गया। इनके अलावा स्थानीय नागरिक अस्पताल में कुल पन्द्रह ऑप्रेशन किए गए जिनमें जनरल सर्जरी के दो, प्रसूति एवं स्त्री रोग संबंधी तीन, ऑर्थो टीकेआर का एक, ऑर्थो पीओपी कॉस्टिंग का एक तथा मोतियाबिंद के आठ ऑप्रेशन शामिल हैं। इस प्रकार दूसरे दिन कुल 22 ऑप्रेशन किए गए। बता दें कि 22 नवंबर तक चलने वाले इस अभियान का शुभारंभ सीएमओ डॉक्टर जयमाला द्वारा स्थानीय नागरिक अस्पताल से किया गया था।

### पात्र मरीजों तक उन्नत शल्य चिकित्सा सेवाएं पहुंचाना ही शिविर का उद्देश्य

उप सिविल सर्जन एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी डॉक्टर सुनीता तंवर ने बताया कि सरकार द्वारा आरक्षित पैकेज एवं प्रक्रियाओं के अंतर्गत विशेषज्ञ चिकित्सकों को लक्ष्य निर्धारित कर दिए गए हैं। अभियान का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र मरीजों तक उन्नत शल्य चिकित्सा सेवाएं पहुंचाना है, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। अभियान के पहले दिन सब डिविजनल हॉस्पिटल बेरी में डेंटल संबंधी तीन, सिजेरियन व नसबंदी का एक-एक आप्रेशन किया गया। बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में मोतियाबिंद के 9, हड्डी संबंधी 2 व सिजेरियन व नसबंदी का एक-एक आप्रेशन किया गया। इसी प्रकार नागरिक अस्पताल में हड्डी के दो, सिजेरियन तीन, पित्त की थैली के दो, मोतियाबिंद के चार तथा हर्निया व नसबंदी का एक-एक आप्रेशन सफलता पूर्वक किया जा चुका है।



**झज्जर।** मोतियाबिंद के ऑप्रेशन के बाद अस्पताल परिसर में उपस्थित लाभार्थी।

# पराली जलाने से रोका तो सुपरवाइजर को पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

पराली जलाने से रोकने पर कृषि विभाग के सुपरवाइजर पर हमला कर दिया गया। लात-घूसों और डंडों से उस पर वार किए गए। हमले में सुपरवाइजर को काफी चोट आई है। पुलिस को शिकायत दे दी गई है। वारदात कंवलजीत के साथ हुई है। कंवलजीत कृषि विभाग के रोहद हेडक्वार्टर में कार्यरत है। जानकारी के अनुसार, एग्रीकल्चर सुपरवाइजर कंवलजीत सोमवार की शाम को विजिट पर थे। इस दौरान रोहद के एक खेत में उन्हें पराली जलती नजर आई। यह देख वह खेत में गए तो वहां कुछ किसान मौके पर थे। उन्होंने किसानों को टोका और समझाने का प्रयास किया। कंवलजीत ने कहा कि उसने किसानों को काफी समझाया लेकिन नहीं माने बल्कि उस पर ही हमलावर हो गए। सुरेश सहित तीन–चार किसानों ने उस पर हमला कर दिया। लात, घूसों और डंडे से वार किए। यहां तक की फोन भी छीन लिया।



सरकारी अस्पताल में भर्ती सुपरवाइजर।

जैसे-तैसे उन्होंने अपने विभाग के एसडीओ सुनील कौशिक व पुलिस को सूचना दी। पीड़ित का कहना है कि उन्होंने पुलिस को शिकायत दे दी है। वहीं, कृषि विभाग के एसडीओ डॉ. सुनील कौशिक ने कहा कि पराली जलाना गैर कानूनी है और इस संबंध में केस दर्ज कराने का प्रावधान है। रोहद में हमारे एग्रीकल्चर सुपरवाइजर के साथ मारपीट की गई है। आरोपियों पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।

### जानलेवा हमला करने के मामले में गिरफ्तार

**बहादुरगढ़।** गांव छारा में पुराने विवाद के चलते खेतों में घूमने गए दो युवकों पर हुए जानलेवा हमले के मामले में सीआईए-2 बहादुरगढ़ की टीम ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को जेल भेज दिया गया है। मामले की जानकारी देते हुए प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार ने बताया कि शिकायतकर्ता राहुल निवासी छारा ने पुलिस को दी शिकायत में कहा था कि वह अपने चचेरे भाई साहिल और दोस्त गौरव के साथ कुछ दिन पहले खेतों की ओर गया था। इसी दौरान कई गाड़ियों और बाइक पर सवार होकर युवक पहुंचे, जिनमें गांव का अजय और उसके साथी शामिल थे। आरोपियों के पास चाकू, तलवार, डंडे और रॉड जैसे हथियार थे। घात लगाकर बैठे इन युवकों ने अचानक हमला कर दिया। हमले में राहुल की गर्दन पर चाकू से वार किया गया, बचाव करने पर उसकी उंगलियां कट गईं।

### मंगलवार को बहादुरगढ़ में 428 रहा एक्यूआई

# लगातार कार्रवाई के बावजूद नहीं घट रहा प्रदूषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

- एचईएसटीएफ ने 6 अवैध यूनिट पकड़ी

शहर में कूड़ा जलने की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। खुले में कचरा जलाए जाने से उठने वाला घना धुआं वातावरण में घुलकर हवा को और जहरीला बना रहा है। नतीजा यह है कि सांस, दमा और एलर्जी के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। मंगलवार सुबह 11 बजे बहादुरगढ़ में 428 एक्यूआई रिकॉर्ड हुआ।

बढ़ते प्रदूषण के बीच हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की टीम ने प्रदूषण फैला रही 6 अवैध यूनिट पकड़ी। एक प्लास्टिक गुल्ला और 5 अवैध एल्युमिनियम गलाने की भट्टियां थी। एचएसपीसीबी के क्षेत्रीय अधिकारी शैलेंद्र अरोड़ा के अनुसार संयुक्त टीम ने बरहाना छारा रोड पर 1, छारा छोछी रोड पर 1 और महराना छोछी रोड पर 4 अवैध यूनिट पकड़ी। मंगलवार को भी बहादुरगढ़ एनसीआर के अन्य शहरों की भांति गैस चैंबर बना रहा। बीते कुछ दिनों में खांसी, गले में जलन, आंखों में खुजली और सांस लेने में तकलीफ की शिकायतों वाले मरीजों की संख्या उल्लेखनीय तरीके से बढ़ी है। डॉक्टरों का कहना है कि कचरा जलने और लगातार बने रहने वाले स्मॉग के कारण यह स्थिति और गंभीर हो रही है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि बढ़ते मरीजों और लगातार हो रही कार्रवाई के बावजूद प्रदूषण का स्तर कम होने का नाम नहीं ले रहा। शहर में टहलते ही धुएं की गंध और हवा में तैरते सूक्ष्म कण साफ महसूस किए जा सकते हैं।





**बहादुरगढ़।** बाइपास पर एसटीपी के निकट जलते कूड़े से उठता धुआं, अवैध एल्युमिनियम भट्टी तोड़ते एसईएसटीएफ के सदस्य।

### कूड़ा जलाने पर रोक की दी चेतावनी

नगर परिषद और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा कई बार कूड़ा जलाने पर रोक की चेतावनी दी जा चुकी है, लेकिन कुछ इलाकों में यह गतिविधि अब भी जारी है। विशेषज्ञों का कहना है कि यदि कचरा जलाने पर सख्त रोक, निर्माण सामग्री पर नियंत्रण और वाहनों का प्रबंधन नहीं किया गया, तो स्थिति और खराब हो सकती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि गश्त बढ़ाई जाए और खुले में कूड़ा जलाने वालों पर तुरंत कार्रवाई की जाए, ताकि शहर की हवा में सुधार आ सके।



## पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम करने निकले रणवीर, माधवन ने बनाई रणनीति

**नई दिल्ली।** रणवीर सिंह की आगामी फिल्म 'धुरंधर' का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इसमें रणवीर के अलावा अक्षय खन्ना, आर माधवन, संजय दत्त और अर्जुन रामपाल जैसे धुरंधर भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म 05 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। ट्रेलर के शुरुआती दृश्य में अर्जुन रामपाल नजर आते हैं। संवाद सुनाई देते हैं, '1971 की जंग के बाद पाकिस्तान में बड़ा उदास सा माहौल था। ट्रेलर में फिर एंट्री होती है रणवीर सिंह और आर.माधवन की, जो पाकिस्तान के मंसूबों को नाकाम करने की रणनीति बनाते हैं। वहां से आतंकवाद का खात्मा करने की बात करते हैं। रणवीर मिशन पर निकले हैं। माधवन उनसे कहते हैं, 'सर, मुंह तोड़ने के लिए मुट्ठी बंद करना जरूरी है। वह भारत के खिलाफ अगर नींद में भी सोचे तो उसके ख्वाब में भी हम भारत में बैठे नजर आने चाहिए'।

लाइफ Style



# सारा

## देइवा थिरुमगल ने दिलाई पहचान

2005 में जन्मी सारा अर्जुन एक्टर राज अर्जुन की बेटी हैं और चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर काम की शुरुआत कर चुकी हैं। वह सिर्फ 1 साल की थीं जब वह अपने माता-पिता के साथ एक मॉल गई थीं। एक ऐड फिल्म मेकर की नजर पड़ी और उन्हें उनका पहला कमर्शियल मिल गया। उन्हें 2011 की तमिल फिल्म देइवा थिरुमगल ने खूब पहचान दिलाई।

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सारा अर्जुन विक्रम की बेटी का किरदार निभाया था। इन सालों में वह एक थी डायन, सैवम और सांड की आंख में नजर आईं। रणवीर सिंह की मच अवेटेड फिल्म धुरंधर का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। डायरेक्टर आदित्य धर की इस फिल्म ने फाइनली अपनी एक दमदार झलक पेश की और सोशल मीडिया पर सेंसेशन क्रिएट की। सोशल मीडिया पर फिल्म के एक्शन, डायलॉग से लेकर लुक्स तक की चर्चा हो रही है। इस बीच रणवीर सिंह और सारा अर्जुन की जोड़ी की भी बातें हैं। सारा जो कि 20 साल की हैं पहली बार बतौर लीड एक्ट्रेस पर्दे पर आ रही हैं और वो भी सीधे रणवीर सिंह के साथ। रणवीर बड़े स्टार होने के साथ साथ उम्र में भी सारा से बड़े हैं। रणवीर से फिल्म के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर सारा और अपने एज डिफ्रेंस और उनके साथ काम करने के एक्सपीरियंस को लेकर बात की। ट्रेलर लॉन्च पर रणवीर ने सारा अर्जुन की तारीफ करते हुए कहा, मैं बहुत लकी हूं कि तुम्हारी इस स्पेशल मोमेंट का हिस्सा हूं, सारा अपने काम में बहुत माहिर हैं। आपको धीरे-धीरे पता चल जाएगा। कभी डकोटा फैनिंग हॉलीवुड में आईं। आज सारा इस बात को साबित करती हैं कि इस पोजीशन तक पहुंचने के लिए आपको कई हजार कैंडिडेट्स को पीछे छोड़ना पड़ता है।

हॉलीवुड मसाला



## टॉम क्रूज ने जीता अपना पहला ऑस्कर

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर हॉलीवुड एक्टर टॉम क्रूज को 'गवर्नर्स अवाड्र्स'में अपना पहला ऑस्कर मिला। 16 नवंबर को हॉलीवुड के रे डॉल्बी बॉलरूम में कोरियोग्राफर और एक्टर डेबी एलन और प्रोडक्शन डिजाइनर व्यान थॉमस को भी इस स्टार-स्टडेड समारोह में सम्मानित किया गया। एक्टर को मिशन इम्पॉसिबल सीरीज और टॉप गन फ्रेंचाइजी जैसी बड़ी फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए जाना जाता है। एक्टर को वो अवॉर्ड फिल्म निर्माता एलेजांद्रो जी. इनारिटु ने दिया अवॉर्ड लेते वक्त 63 वर्ष के एक्टर टॉम क्रूज ने उन सभी लोगों का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने फिल्मों को संभव बनाया। एक्टर ने अपने भाषण में कहा, 'सिनेमा मुझे दुनिया भर में ले जाता है।




## अकादमी अवॉड्र्स के लिए जा रही 'ह्यूमन्स इन द लूप'

**लॉस एंजिल्स।** 'ह्यूमन्स इन द लूप' झारखंड की रहनेवाली एक आदिवासी महिला नेहमा की कहानी है। उसके ढुकू विवाह और एआई के युग में उसकी परेशानियों को लेकर है। अरण्य सहाय के डायरेक्शन में बनी फीचर फिल्म 'ह्यूमन्स इन द लूप' को आईएमडीबी पर 7.5 रेटिंग मिली है। इसे फिल्म इंडिपेंडेंट स्लोन डिस्ट्रीब्यूशन ग्रांट से सम्मानित किया गया है, क्योंकि यह फिल्म अकादमी अवॉड्र्स के लिए जा रही है। फिल्म इंडिपेंडेंट और अल्फ्रेड पी. स्लोन फाउंडेशन द्वारा दिया जाने वाला स्लोन डिस्ट्रीब्यूशन ग्रांट, उन फिल्मों को मिलता है, जो विज्ञान या टेक्नोलॉजी के विषयों या किरदारों से जुड़ी होती हैं। अमेरिका में सिनेमाघरों में रिलीज होने और दूसरे अन्य मानदंडों को पूरा करने के बाद, यह फिल्म आधिकारिक तौर पर 98वें ऑस्कर अवॉर्ड के लिए जा रही है, जहां यह बेस्ट ऑरिजनल स्क्रीनप्ले कैटेगरी में टक्कर देगी।



## बड़े मियां छोटे मियां ने फ्लॉन्ट किए सिक्स-पैक एब्स

**मुंबई।** बॉलीवुड की सुपरफिट जोड़ी अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ ने एक बार फिर सोशल मीडिया पर धमाल मचा दिया है। दोनों मुंबई के जुहू बीच पर शर्टलेस नजर आए। दोनों समंदर में जमकर मस्ती करते दिखे और अपनी परफेक्ट बॉडी फ्लॉन्ट की। उनका यह वीडियो सोशल मीडिया हैंडल पर फैंस के बीच जमकर वायरल हो रहा है। अक्षय कुमार ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो शेयर किया। इस वीडिया में अक्षय के साथ एक्टर टाइगर श्रॉफ भी शर्टलेस नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में अक्षय और टाइगर के अलावा कई लोग समंदर में वॉक करते दिख रहे हैं। इस वीडियो के साथ अक्षय ने मजेदार कैप्शन लिखा 'ओशन्स 9 जुहू बीच एडिशन'। इस वीडियो में दोनों की परफेक्ट सिक्स-पैक एब्स देखकर फैंस हैरान रह गए हैं। 58 साल की उम्र में अक्षय कुमार की शानदार फिटनेस देखकर फैंस खुद को कमेंट्स करने से रोक नहीं पाए।



## एनबीके 111 से सामने आया नयनतारा का शाही लुक

**मुंबई।** साउथ लेडी सुपरस्टार नयनतारा अभिनेता नंदमुरी बालकृष्ण की आगामी ऐतिहासिक फिल्म 'एनबीके 111' में नजर आएंगी। फिल्म से नयनतारा का खास लुक शेयर किया गया, जिसमें वह शाही लुक में नजर आईं। कैप्शन में लिखा, 'वह रानी जो महासागरों की शांति और तूफानों के प्रकोप को वहन करती है।' एनबीके 111 का निर्देशन गोपीचंद मालिनेनी कर रहे हैं। यह ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है। एनबीके111 के अलावा नयनतारा निर्देशक अनिल रविपुडी की आगामी पारिवारिक मनोरंजक फिल्म 'मन शंकर वर प्रसाद गरु' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ मेगास्टार चिरंजीवी नजर आएंगी। इन फिल्मों के अलावा नयनतारा साउथ स्टार यश के साथ फिल्म 'टॉक्सिक' में नजर आएंगी।

टीवी मसाला

## विशाल 25 साल की कोशिश के बाद पहुंचे कौन बनेगा करोड़पति में

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17' को अमिताभ बच्चन होस्ट कर रहे हैं। बीते एक एपिसोड में जहां 'फैमिली मैन 3' की कास्ट मनोज बाजपेयी, जयदीप अहलावत और शरीब हाश्मी आए थे। वहीं, अब 'इंडियन आइडल' के जज विशाल ददलानी भी बतौर गेस्ट शो में पहुंचे हैं और वहां से फोटो खींचकर इंस्टाग्राम पर शेयर कर जानकारी दी है।



बताया कि उनका 25 साल पुराना सपना सच हो गया। विशाल ददलानी अब अमिताभ बच्चन द्वारा होस्ट किए जाने वाले 'कौन बनेगा करोड़पति 17' की हॉट सीट पर बैठेंगे। विशाल ने सोशल मीडिया पर बताया कि केबीसी में आना उनके लिए एक सपने के सच होने जैसा है। गायक ने उस समय के बारे में याद करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने शो में आने के लिए मैसेज भेजे थे। विशाल ने लिखा, 'यह 25 साल पुराना सपना सच हो गया। मैं हमेशा से कौन बनेगा करोड़पति में आना चाहता था। सिंगर ने केबीसी में पहुंचने पर खुशी जाहिर करते हुए कहा, 'मैं मैसेज भेजता था, टीवी पर फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट गेम खेलता था और पूरी कोशिश करता था। और, फाइनली मैं पहुंच ही गया।' विशाल ने सोनी टीवी को उन्हें हॉट सीट पर भेजने के लिए थैंक यू कहा। साथ ही अमिताभ बच्चन को भी शुक्रिया बोला। जैसे ही विशाल और अमिताभ बच्चन की फोटो सोशल मीडिया पर सामने आई, लोगों के रिएक्शन भी आने शुरू हो गए। फराह खान ने लिखा, 'उम्मीद करती हूं कि तुमने कुछ पैसे भी जीते होगे।' इस पर विशाल ने मजाकिया अंदाज में लिखा, 'मुझे लगता है कि ये पैसे ऐसे उद्देश्य के लिए हैं, जिसे आप एक्सेप्ट करेंगी फरहा।' वहीं, बाकियों ने शुभकामनाएं और बधाई दी। कहा कि दो दिग्गज को एक साथ देखना दिलचस्प होगा।

### अनुपमा में आएगा लीप? एक्ट्रेस बनेगी तोषू-पाखी की मां

**नई दिल्ली।** टीवी सीरियल अनुपमा का नया प्रोमो वीडियो मेकर्स ने जारी कर दिया है। अनुपमा को उसके डांस ने मुंबई में कामयाबी दिलाई और उसकी कुकिंग ने विदेश में सक्सेस दिलवाई, लेकिन अब बारी आई है



उसके एक और टैलेंट को दुनिया के सामने आने की। टीआरपी टॉपर सीरियल ने फिर एक बार रफ्तार पकड़ी है और अनुपमा अपनी पोतियों को लेकर मुंबई आ चुकी है। लेकिन, नया प्रोमो वीडियो हिंट दे रहा है कि अनुपमा अब एक्ट्रेस बनने की तरफ बढ़ेगी। नए प्रोमो वीडियो में दिखाया गया है कि अनुपमा फिल्म सिटी में शूटिंग देखने जाएगी और यहां पर एक डायरेक्टर उससे कहेगा, 'अब से यही आपकी नई दुनिया है अनुपमा जी।' माना जा रहा है कि अनुपमा को उसका डांस कामयाबी दिलाएगा और एक्टिंग के मामले में भी वो झंडे गाढ़ेगी। नए प्रोमो वीडियो के बैकग्राउंड में अनुपमा कहती है, 'यह मुंबई नगरी है। सपनों की नगरी, मेरे सपने पूरे करने का वक्त आ गया है।' प्रोमो के बैकग्राउंड में बताया गया है- फिल्मी दुनिया में अनुपमा का क्या काम? कमेंट सेक्शन में लोगों ने कयास लगाए हैं कि कहानी में आगे उन्हें कौन से ट्विस्ट और टर्न्स देखने को मिल सकते हैं।

## 25 थिएटर में रिलीज और कमाई 3858 करोड़

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म देखने का अपना अलग मजा है। हॉरर फिल्में सस्पेंस और डर से भरी होती हैं। कुछ हॉरर फिल्में तो ऐसी हैं, जिन्हें अकेले देखने में पसीने छूट जाते हैं। अगर गलती से कोई हॉरर फिल्म रात में देख ली तो वॉशरूम जाना भारी पड़ जाता है और डर के मारे नींद नहीं आती, वो अलग। अब हॉरर फिल्मों में कॉमेडी मसाला एड किया जा रहा है, जिससे फिल्म के हॉरर सीन पर कम और कॉमेडी पर ज्यादा ध्यान जा रहा है। लेकिन, पहले की हॉरर फिल्में सिर्फ और सिर्फ डरावनी हुआ करती थीं। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं उस हॉरर फिल्म के बारे में, जिसे आप गलती से भी अकेले में मत देख लेना. क्योंकि यह गूगल पर यह सबसे डरावनी फिल्म है।

इस फिल्म को देखने के बाद महीनों तक कांपी लोगों की रूह



### दुनिया की सबसे डरावनी फिल्म

*बॉलीवुड में बीते साल स्त्री 2 और मुंज्या जैसी हॉरर कॉमेडी फिल्मों ने एंटरटेन किया था, लेकिन जिस फिल्म के बारे में हम बता रहे हैं वो आज से 51 साल पहले रिलीज हुई थी। इस फिल्म को आज भी दुनिया की सबसे डरावनी फिल्म कहा जाता है। गूगल पर सबसे डरावनी फिल्म सर्च करने पर इस फिल्म का ही नाम आता है। इस फिल्म को एक तरह से शापित भी माना गया है। साल 1973 में रिलीज हुई मोस्ट हॉरर फिल्म का नाम 'द एक्सॉर्सिस्ट' है, जो कई देशों में बैन हुई थी। यह हॉरर फिल्म विलियम पीटर के उपन्यास पर बेस्ड है। कहा जाता है कि इस फिल्म को देखने के बाद कई लोगों को सदमा तक लगा गया था। ऐसे में यह फिल्म आयरलैंड, इंग्लैंड और स्कॉटलैंड में बैन हो गई थी।*

### कहानी में है एक मासूम बच्ची

हॉरर फिल्म 'द एक्सॉर्सिस्ट' की कहानी बेहद खौफनाक है। फिल्म की कहानी में एक मासूम बच्ची है, जिस पर एक बुरी आत्मा कब्जा कर लेती है। इस बच्ची की मां एक एक्ट्रेस हैं, जो अपनी बेटी की अजीबो-गरीब हरकतों से परेशान हो जाती है। एक्ट्रेस मां अपनी बच्ची को पादरी को दिखाती है और बच्ची पर चढ़े भूत का असर खत्म करवाती है। इस फिल्म का एक-एक सीन रुह कंपा देने वाला है।

## अर्पिता ने शेयर कीं सलीम-सलमा की वेडिंग एनिवर्सरी की इनसाइड तस्वीरें

**मुंबई।** सलमान खान के माता-पिता सलीम खान और सलमा खान (सुशीला चरक) की शादी को 61 साल हो गए हैं। बीती रात परिवार में भव्य अंदाज में दोनों की शादी की सालगिरह मनाई गई। इसी दिन घर की छोटी बेटी अर्पिता खान और आयुष शर्मा की भी वेडिंग एनिवर्सरी होती है। फंक्शन में दोनों जोड़े ने अपनी लाइफ का यह खूबसूरत लम्हा सेलिब्रेट किया, जिसमें पूरा खान परिवार शामिल रहा। अर्पिता खान की शादी एक्टर आयुष शर्मा के साथ हुई है। दोनों साल 2014 में शादी के बंधन में बंधे। कल सलीम और सलमा खान की वेडिंग एनिवर्सरी के साथ-साथ अर्पिता और आयुष की एनिवर्सरी भी सेलिब्रेट की गई।



### तस्वीरों में तीन खान ब्रदर्स

फंक्शन में दो केक काटे गए। एक सलीम खान और सलमा ने काटा और दूसरा केक अर्पिता खान व आयुष शर्मा ने काटा। अर्पिता खान ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर वेडिंग एनिवर्सरी की इनसाइड फोटोज शेयर की हैं। तस्वीरों में तीन खान ब्रदर्स- सलमान खान, सोहेल खान, अरबाज खान नजर आ रहे हैं। इसके अलावा सलमान की बहन अलवीरा का परिवार देखा जा सकता है। कुछ करीबी दोस्त और इंडस्ट्री के लोग भी जश्न में शामिल रहे। सोनाक्षी सिन्हा अपने पति जहीर इकबाल के साथ पहुंचीं। फंक्शन में अर्पिता और सोहेल के साथ उन्होंने क्वालिटी टाइम बिताया। सलीम खान और सुशीला चरक की शादी 18 नवंबर 1964 को हुई। वहीं, आयुष शर्मा और अर्पिता खान शर्मा ने 18 नवंबर 2014 को शादी रचाई।

अच्छे अभिनय और मेहनत से मिलती है कामयाबी

# पहली ही फिल्म से इंडस्ट्री पर छाईं ये अभिनेत्रियां; आज भी दर्शक हैं दीवाने

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियां ऐसी हैं, जो डेब्यू फिल्म से ही इंडस्ट्री पर छा गईं। इनमें से कई ऐसी एक्ट्रेसेस भी हैं जो फिल्मी दुनिया के बैकग्राउंड से नहीं आती हैं हालांकि उन्होंने अपनी मेहनत के दम पर बॉलीवुड में अपनी जगह बनाई है। इन लोगों ने साबित किया कि अच्छे अभिनय और मेहनत से कामयाबी मिलती है।



### दीपिका

दीपिका पादुकोण ने शाहरुख खान के साथ फिल्म 'ओम शांति ओम' (2007) से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। फिल्म में उनके भाव और अभिनय ने लोगों को अपना दीवाना बना दिया था। फिल्म में वह ग्लैमरस और मासूम दिखीं। इस फिल्म के बाद से उन्होंने बॉलीवुड को कई बेहतरीन फिल्में दीं।

### भूमिका

भूमिका चावला उन अभिनेत्रियों में शामिल हैं जो रातों-रात स्टार बन गईं। वह साल 2003 में फिल्म 'तेरे नाम' में सलमान खान के साथ नजर आई थीं। फिल्म में उनके अभिनय और भाव ने दर्शकों को मदहोश कर दिया। पहली फिल्म से उन्होंने ऐसी छाप छोड़ी कि वह एक अनुभवी अभिनेत्री के तौर पर जानी जाने लगीं।





### प्रीति

1998 में रिलीज हुई फिल्म 'दिल से' से प्रीति जिंटा ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में उनके अभिनय ने दर्शकों का दिल जीत लिया। फिल्म की कहानी के हिसाब से उन्होंने जो अभिनय किया वह अपने आप में मिसाल है। इस फिल्म के बाद प्रीति जिंटा, शाहरुख खान के साथ 'वीर जारा' और 'कल हो ना हो' में नजर आईं।



### अनुष्का

शाहरुख खान की फिल्म 'रब ने बना दी जोड़ी' (2008) से अनुष्का शर्मा ने बॉलीवुड में कदम रखा। इस फिल्म में उन्होंने अपने अभिनय से लोगों को अपना कायल बना लिया। वह किसी भी फिल्मी परिवार से नहीं आती हैं लेकिन बॉलीवुड में उन्होंने अपने अभिनय के बल अपनी जगह बनाई।

### ग्रेसी

आमिर खान की चर्चित फिल्म 'लगान' (2001) से ग्रेसी सिंह ने बॉलीवुड में कदम रखा। फिल्म में उन्होंने बहुत ही सधी हुई अदाकारी की। इसमें उनके पारंपरिक लुक और उनकी मुस्कान की दर्शकों ने खूब तारीफ की। उन्होंने साबित किया कि अच्छी अदाकारी करने वाले



## खबर संक्षेप


झज्जर। शिविर में ग्रामीणों की दंत जांच के बाद उचित परामर्श देते हुए चिकित्सक।

### दंत चिकित्सा शिविर में 80 लोगों ने कराई जांच

**झज्जर।** रिलायंस मॉडल इकोनॉमिक टाउनशिप कंपनी द्वारा प्रोजेक्ट क्षेत्र के गांव फतेहपुर में निःशुल्क दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। एसजीटी यूनिवर्सिटी की फैकल्टी ऑफ डेंटल साइंसेज के सहयोग से लगाए गए इस शिविर में वरिष्ठ दंत विशेषज्ञ डॉक्टर मीनाक्षी व उनकी टीम द्वारा 80 से अधिक ग्रामीणों की दंत जांच की गई। शिविर के दौरान चिकित्सकों द्वारा ग्रामीणों को अपने दांतों की नियमित साफ-सफाई करने, संतुलित आहार लेने, दांतों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने का परामर्श भी दिया। प्रवक्ता ने बताया कि अभी तक कंपनी द्वारा अपने प्रोजेक्ट क्षेत्र के विभिन्न गांवों में 10 दंत चिकित्सा शिविर, 9 नेत्र जांच शिविर तथा 8 महिला रोग जांच शिविरों का आयोजन कर सैंकड़ों लोगों को लाभान्वित किया है। इसके अलावा इस वर्ष अब तक 370 से अधिक ग्रामीणों में निःशुल्क चश्मों का वितरण व 16 ग्रामीणों की मोतियाबिंद संबंधी सर्जरी कराने के साथ-साथ करीब 23 हजार ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा चुकी हैं।

### ग्रेप-3 की पाबंदियों की सख्ती से पालना जरूरी

**बहादुरगढ़।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने बताया कि बढ़ते वायु प्रदूषण को देखते हुए एनसीआर और निकटवर्ती क्षेत्र में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान के तीसरे चरण की पाबंदियां जारी हैं। यह कदम वायु गुणवत्ता को सुधारने और प्रदूषण के दुष्प्रभावों को कम करने के उद्देश्य से उठाया गया है। जिला उपायुक्त ने कहा कि बढ़ता हुआ वायु प्रदूषण हम सबके लिए चिंता का विषय है, जिसका हमारे स्वास्थ्य पर गहरा प्रभाव पड़ता है। वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर ग्रेप नियमों की सख्ती से पालना करना बेहद जरूरी है। डीसी ने प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, शहरी निकायों, एचएसआईआईडीसी सहित अन्य संबंधित विभागाध्यक्षों को कड़े निर्देश दिए कि वे जिला में बढ़ते प्रदूषण स्तर को नियंत्रित करने के लिए सख्त कदम उठाएं। सभी विभाग जिला में एयर क्वालिटी इंडेक्स को नियंत्रित रखने लिए जमीनी स्तर पर मिलकर काम करें।

*पेशाब की दुर्गंध के कारण लोगों के लिए अधिक देर तक वहां रहना मुश्किल हो रहा*

# टाउन पार्क में बने शौचालय की हालत दयनीय लोगों ने साफ-सफाई करवाने की मांग की

- पेशाब के लिए बनाई गई यूरिन बॉल में शराब की खाली बोतलें और नशे के इंजेक्शन पड़े रहते है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर


झज्जर। पार्क का बदहाल शौचालय। फोटो : हरिभूमि

शहर के बीचों-बीच बने टाउन पार्क में बने शौचालयों की हालत दयनीय है। पार्क में स्त्री व पुरुषों के लिए दो शौचालय तो बनाए गए हैं लेकिन उनकी नियमित साफ-सफाई न होने के कारण गंदगी का आलम है। शौचालय के प्रवेश पर ही जहां गंदगी फैली है वहीं पेशाब की दुर्गंध के कारण लोगों के लिए अधिक देर तक वहां रहना मुश्किल हो रहा है। पेशाब के लिए बनाई गई यूरिन बॉल में शराब की खाली बोतलें और नशे के इंजेक्शन तक पड़े दिखाई देते हैं, जिससे यह साफ झलकता है कि शौचालय नशे के आदि लोगों का ठिकाना बन चुका है। लोगों को बदहाल व्यवस्था के कारण परेशानी आ रही है। पार्क में नियमित सैर को आने वाले मदन सिंह ने बताया कि वे सुबह-शाम सैर को आते हैं। एक बार आवश्यकता पड़ने पर जब वे शौचालय गए तो अंदर की दुर्गंध असहनीय थी और साफ-सफाई भी नहीं मिली। वहां वास बेसिन भी बंद पड़े हैं। इसी प्रकार नियमित सैर को आने वाली महिला चंद्रावती, भतेरी देवी, ओमवती, चंद्रप्रभा, कांता देवी व किशोरी अनुष्का ने भी शौचालयों की दयनीय स्थिति पर चिंता जताई।

### नशेड़ियों का लगा रहता है जमावड़ा


बुजुर्ग मदन सिंह


चंद्रावती देवी

लोगों की सुविधा के लिए बनाए गए ये शौचालय उपयोग लायक ही नहीं रहे। गंदगी और असुरक्षा के माहौल के कारण महिलाएं इनका प्रयोग करने से भी कतराने लगी हैं। लोगों का कहना है कि शौचालयों में पड़े नशे के इंजेक्शन और शराब की बोतलें इस ओर इशारा करती हैं कि यहां नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है। ऐसे में जिला प्रशासन को जहां सफाई व्यवस्था दुरुस्त करनी चाहिए वहीं पुलिस को भी इस क्षेत्र में गश्त बढ़ानी चाहिए ताकि आम लोगों को सुरक्षित और स्वच्छ सुविधा मिल सके।

## न्यूज डायरी

### प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को किया सम्मानित


झज्जर। शिक्षकों के साथ मंच पर उपस्थित विजेता विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** मदर इंडिया वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मारौत के विद्यार्थियों ने गीता महोत्सव में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में शानदार प्रदर्शन करते हुए संस्थान का नाम रोशन किया है। प्राचार्या संतोष कुमारी ने बताया कि लेखन प्रतियोगिता में खुशी, भाषण में प्रियांशी और वर्षा, श्लोकोच्चारण में कुमारी अंतिम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा संवाद, लेखन एवं भाषण आदि प्रतियोगिताओं में दीक्षा, जिया, डिम्पी, प्रियांशी व अनीशा ने द्वितीय पुरस्कार तथा महक, तपन, नम्रता, हिमांशी व स्नेहा ने सांत्वना पुरस्कार जीता। इस उपलब्धि पर मदर इंडिया विद्यालय समूह के निदेशक रामफूल शास्त्री, संस्थान प्रबंधक पवन, उप प्राचार्य कपिल शर्मा व संस्कृत अध्यापिका रणजीत कौर द्वारा स्टाफ सदस्यों के साथ मिलकर सभी विजेता विद्यार्थियों को फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

### पर्यावरण प्रदूषण व स्वच्छता को लेकर शिविर आयोजित



झज्जर। शिविर में शिक्षकों के साथ उपस्थित स्वयंसेवी। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** राजकीय महाविद्यालय दुजाना की एनएसएस यूनिट द्वारा मंगलवार को पर्यावरण प्रदूषण एवं स्वच्छता जागरूकता विषय पर एक एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. राजेश की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में स्वयंसेवकों ने उत्साह के साथ स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक मुक्त परिसर जागरुकता गतिविधि तथा पर्यावरण संरक्षण से संबंधित जन-जागरुकता कार्यक्रमों में भाग लिया। प्राचार्य डॉ. राजेश ने स्वयंसेवकों के अनुशासन, सक्रियता और सामाजिक सरोकारों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता की सराहना की। इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर गौतम राम, प्रोफेसर नरेश चहल, प्रोफेसर जितेंद्र कुमार, प्रोफेसर दीपा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### ज्ञान ज्योति स्कूल के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट


शिक्षकों के साथ उपस्थित विजेता टीमों के खिलाड़ी।

**झज्जर।** ज्ञान ज्योति स्कूल कासनी में मंगलवार को इंटर स्कूल खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में पैरामाउंट स्कूल छुछकवास, न्यू रॉयल स्कूल जहांगीरपुर के खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। खेल स्पर्धाओं के दौरान अंडर-16 व अंडर 18 आयु वर्ग की कबड्डी व खो-खो प्रतियोगिता के अलावा 100 एवं 200 मीटर की दौड़ तथा लंबी कूद स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। ज्ञान ज्योति स्कूल के खिलाड़ियों ने अंडर-18 आयु वर्ग की लड़कों की स्पर्धा में पहला स्थान तथा लड़कियों के वर्ग में अंडर-18 व अंडर-16 आयु वर्ग की खो-खो प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर स्कूल निदेशक इंद्रजीत फौगाट ने विजेता विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### कबड्डी में जसौरखेड़ी को मिला पहला इनाम


बहादुरगढ़। कबड्डी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते विधायक व अन्य।

**बहादुरगढ़।** सराय औरंगाबाद में केके कबड्डी अकेडमी द्वारा आयोजित कबड्डी दंगल का पहला इनाम 31 हजार रुपये जसोर खेड़ी ने जीता। दूसरा इनाम 21 हजार रुपए कैर दिल्ली ने जीता। विधायक राजेश जून, प्रो कबड्डी चैंपियन सुनील मलिक, पूर्व चेयरमैन कर्मबीर राठी, नवीन बंटी, पंकज जैन, राकेश कोच, राकेश सरपंच, भीम अवार्डी चरण सिंह राठी आदि ने खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया।

### गर्ल्स कॉलेज में हुई संस्कृत प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**बहादुरगढ़।** राजकीय महिला महाविद्यालय बहादुरगढ़ के संस्कृत विभाग द्वारा ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इंचार्ज डॉ. सीमा के संचालन में हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्या अलका गुलाटी ने की। प्रश्नोत्तरी में रामायण, श्रीमद्भागवत गीता तथा संस्कृत व्याकरण से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्न पूछे गए, जिनसे छात्राओं के ज्ञानवर्धन एवं विषय-समझ में उल्लेखनीय वृद्धि हुई। छात्राओं ने अत्यंत उत्साह, आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ प्रतिभाग किया तथा अपनी उत्कृष्ट तैयारी एवं प्रतिभा का परिचय दिया। प्रथम स्थान पर महर्षि वाल्मीकि, महर्षि वेदव्यास एवं महर्षि पाणिनि टीम रही। इन्होंने श्रेष्ठ ज्ञान, उत्कृष्ट प्रस्तुति और अद्भुत टीमवर्क का परिचय देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर महर्षि पतंजलि एवं महर्षि बाणभट्ट टीम रही। इन टीमों ने अपनी सृजनात्मकता, साहित्यिक दक्षता एवं समन्वय के आधार पर दूसरा स्थान अर्जित किया। तृतीय स्थान महाकवि कालिदास टीम ने हासिल किया। प्राचार्या अलका गुलाटी ने विजेता टीमों को बधाई देते हुए सभी प्रतिभागी छात्राओं की सराहना की।

### सड़कों की गुणवत्ता सुधरवाने की मांग



**बहादुरगढ़।** लंबे इंतजार के बाद शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में बनाई जा रही सड़कों की गुणवत्ता सवालों के घेरे में है। हाल ही में बनी कई सड़कों की हालत कुछ ही दिनों में खराब होने लगी है। इसे लेकर पूर्व पार्षद जसबीर सैनी ने लोक निर्माण विभाग के मंत्री रणबीर गंगवा से मुलाकात की। भाजपा नेता जसबीर सैनी ने बताया कि सड़क की रोड़ियां बनते-बनते ही उखड़ने लगती हैं और महीनेभर के भीतर ही पूरी परत बिखर जाती है। कई जगह तो गुणवत्ता का हाल यह है कि तारकोल की सतह हाथों से ही हट जाती है। शिकायत में उन्होंने पीडब्ल्यूडी द्वारा हाल में बनी और बनाई जा रही सड़कों की गुणवत्ता पर बड़े सवाल उठाए। जनता के पैसे से बनने वाले विकास कार्यों में लापरवाही किसी भी हालत में बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। इस अवसर पर रमेश सरपंच, अतरे मिस्त्री, रोहित प्रधान, मनीष कुमार, हरीश, किरण, अजीत व मोहन आदि उपस्थित रहे।

### नेट परीक्षा की तैयारी पर विस्तार व्याख्यान आयोजित


झज्जर। विस्तार व्याख्यान में उपस्थित मुख्य वक्ता एवं विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय में मंगलवार को गणित विभाग द्वारा विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। विभागाध्यक्ष प्रोफेसर संदीप दहिया ने बताया कि विस्तार व्याख्यान में प्रोफेसर पुष्पेंद्र कादियान मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को गणित विषय में नेट की तैयारी बारे विस्तार से जानकारी दी। परीक्षा की तैयारी के लिए सभी विषयों का गहनता से अध्ययन जरूरी है। अधिकांश प्रश्न बेसिक कॉन्सेप्ट से संबंधित पूछे जाते हैं, जिसके लिए विद्यार्थियों की मूल जानकारी का सटीक होना आवश्यक है। पुराने प्रश्न पत्रों का अध्ययन करने व सब्जेक्टिव नॉलेज के साथ-साथ ऑब्जेक्टिव पर भी ध्यान देना जरूरी है। इसके अलावा विद्यार्थियों को ज्यादा महत्वपूर्ण विषयों का गंभीरता से अध्ययन करने की सलाह दी गई।

# बलिदान दिवस पर शहीद शेर सिंह यादव को किया नमन

- कार्यक्रम में नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। शहीद शेर सिंह यादव को नमन करती चेयरपर्सन व अन्य। फोटो : हरिभूमि

भारत चीन युद्ध के दौरान रेजांगला पोस्ट पर शहादत देने वाले वीर शहीद शेर सिंह यादव की पुण्यतिथि पर मंगलवार को गांव बालौर में श्रद्धांजलि कार्यक्रम हुआ। शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण के उपरांत उनकी पुत्री कमला का ग्रामीणों द्वारा सम्मान किया गया। कार्यक्रम में नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और कहा कि शहीद शेर सिंह यादव ने देश की रक्षा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। उनका साहस और देशभक्ति हम सभी के लिए प्रेरणा है। कार्यक्रम का संचालन धर्म सिंह यादव ने किया।

### कार्यक्रम में ये मौजूद रहे

रेजांगला की लड़ाई पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एनएस यादव, समाजसेवी रमेश राठी, मनमोहित गुप्ता, पूर्व सैनिक संगठन के प्रधान श्रीनिवास छिकारा, राजवीर, तारीफ सिंह, रणधीर, धनराज दलाल, धर्मवीर कादियान, पवन कोच, हुकम, सोमपाल, श्रीभगवान, भूपेंद्र रोहिल्ला, जयभगवान, सुरेश, शिवकरण, राजवीर मास्टर, जयपाल, कृष्ण, धर्मवीर, कमल सिंह, तकदीर सिंह, फौजी नाथूराम, कमला, शिक्षा, दयावती, निर्मला, राजबाला आदि शामिल रहे।

### रंगोली के माध्यम से विद्यार्थियों को किया जागरूक



झज्जर। मिक्की माउस के विशाल रेखाचित्र के साथ उपस्थित शिक्षक एवं विद्यार्थी।

**झज्जर।** एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में मिक्की माउस के जन्मदिन के उपलक्ष्य में एक रंगोली रेखाचित्र बनाया गया। स्कूल प्राचार्या निधि कादियान व प्रबंधक केएम डागर ने बताया कि भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा द्वारा तैयार की गई रंगोली के माध्यम से संदेश दिया कि सपनों की कोई उम्र नहीं होती है, इंसान का बचपन हमेशा जिंदा रहना चाहिए। इस मौके पर स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया, योजित गुलिया, भविष्य दहिया, डीपीई अमित लोहचब, रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा, सपना सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# टीम के निरीक्षण के दौरान दूसरे दिन भी जारी रही भागदौड़

- टीम ने अलग-अलग होकर एसएनसीयू, लैब सहित अन्य वार्डों में निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़


बहादुरगढ़। लैब में चिकित्सकों से जानकारी जुटाते अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

नागरिक अस्पताल में लगातार दूसरे दिन मंगलवार को भी एन्कवास, लक्ष्य और मुस्कान की राष्ट्रीय मूल्यांकन टीम ने व्यवस्थाएं परखीं। टीम ने अलग-अलग होकर एसएनसीयू, लैब सहित अन्य वार्डों में निरीक्षण किया। मूल्यांकन टीम के तीन दिवसीय दौरे के चलते अस्पताल प्रबंधन व स्टाफ की भी भागदौड़ बढ़ी हुई है। वहीं, इसी बहाने आम नागरिकों को भी बेहतर सुविधा अस्पताल में देखने को मिल रही हैं। निरीक्षण करने वाली टीम में पंजाब से नेशनल असेसर डॉ. गुरबीर सिंह ढिल्लों, रुद्रप्रयाग से डॉ. मोनिका राणा व धास से क्वालिटी नर्सिंग ऑफिसर डॉ. रेणुका शिंदे शामिल हैं। सोमवार को पहले दिन निरीक्षण के दौरान कई खामियां निकलकर सामने आई थी तो वहीं, मंगलवार को भी टीम ने गंभीरता से जांच की। लैब, एसएनसीयू सहित अन्य वार्ड में जहां कहीं भी कमियां मिली, उन्हें सुधारने के लिए कहा।

### काम के तौर तरीके पूछे

कर्मचारियों से काम के तौर तरीके पूछे, मरीजों से भी बातचीत की। टीम के दौरे के चलते अस्पताल के अधिकारियों, चिकित्सकों व स्टाफ की भी भागदौड़ बढ़ी हुई है। दिनभर अधिकारी इधर, उधर दौड़ते नजर आ रहे हैं। स्टाफ सदस्य भी काम के प्रति गंभीर नजर आ रहे हैं। दिनभर में बार बार लगातार सफाई पर जोर दिया जा रहा है। अब बुधवार को अंतिम दिन भी टीम निरीक्षण करेगी। मूल्यांकन कार्य पूरा होने के बाद जो भी रिपोर्ट आती है, उसी पर निर्भर रहेगा कि नागरिक अस्पताल कसौटी पर खरा उतर पाता है या नहीं। वहीं, दूसरी तरफ आम नागरिकों कहना है कि दो दिन से दिख रहा सुधार टीम के जाने के बाद आम दिनों में भी नजर आना चाहिए।



## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

**बारहवां पुरस्कार (लंच बॉक्स-150 नग) (101 से 150)**

❖ अजय पुत्र श्री शिव शंकर निवासी ओल्ड बस स्टैंड, भिवानी ❖ सुनीता देवी धर्मपत्नी श्री प्रदीप कुमार, मयूर विहार, गली नं. 6, सोनीपत ❖ अमित सुपुत्र श्री जयभगवान जुलाना, जीन्द ❖ साहिल सुपुत्र श्री राजबीर जुलाना जीन्द ❖ साहिल पाराशर सुपुत्र श्री आनन्द कुमार, गांव व डा. दुल्हेड़ा, बहादुरगढ़, झज्जर ❖ खुशबू पुत्री श्री सोमबीर सिंह निवासी गांव तिगराणा, जिला भिवानी ❖ जयनारायण पुत्र श्री परसराम सुमार निवासी गांव बीरण, जिला भिवानी ❖ रणधीर सिंह पुत्र श्री खेमचन्द, निवासी गांव रोहद, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ सचिन कुमार पुत्र श्री सुरेश कुमार निवासी वार्ड नं.15, गांव तिगड़ाना, जिला भिवानी ❖ दीपक पुत्र श्री विश्वनाथ निवासी मकान नं. 106, महम रोड़, नई बस्ती, भिवानी ❖ निधि मोशिम सुपुत्री श्री विजय पाल मौशिम रसूलपुर आजाद बिजनौर, सोनीपत ❖ उर्मिला देव धर्मपत्नी श्री राम स्वरूप, चावला कॉलोनी, सोनीपत ❖ सीमा धर्मपत्नी श्री आनन्द कुमार, गांव व डा. दुल्हेड़ा, बहादुरगढ़, झज्जर ❖ कुलदीप सिंह सुपुत्र श्री बन्शी राम, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ विभव सुपुत्र श्री दीपक, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़ ❖ बिशन चन्द्र सुपुत्र स्व. श्री हजारी लाल, बहलवान छत्ते के पास, नलापुर, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ शंकर लाल भारद्वाज पुत्र श्री रामकुमार निवासी निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ श्री महाबीर सिंह सुपुत्र स्व. श्री रतन सिंह, वीपीओ बैयांपुर, सोनीपत ❖ सुभाष धर्मपत्नी श्री राकेश कुमार, 250/10D, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सोनीपत ❖ निशा सुपुत्री आनंद कुमार, म. नं. 530/4, नजदीक बाल विकास स्कूल, जमालपुरा, सोनीपत ❖ प्रवीण कुमार सुपुत्र श्री छोटे लाल, गांव बोचड़िया, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ झम्मन लाल सुपुत्र श्री गणपत सिंह, धनौन्दा, कनीना, महेन्द्रगढ़ ❖ श्रवण कुमार सिंघल पुत्र श्री देवकी नंदन, निवासी मकान नं.392 वार्ड नं.16, नवादा गली, जैन मंदिर, बहादुरगढ़ ❖ आजाद सिंह अहलावत पुत्र श्री कर्ण सिंह, मकान नं. 842, सेक्टर 2, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ जीवेन्द्र पुत्र श्री गजानन्द निवासी गांव सुडना जिला महेन्द्रगढ़ ❖ ज्योति पत्नी श्री श्रीपाल, निवासी गांव कानौंदा, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ पूजा पुत्री श्री मामन सिंह निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ चोकू पुत्री श्री ओमप्रकाश निवासी निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी ❖ राजेश पुत्र श्री दयानन्द निवासी मकान नं.862/6, जौहरी नगर लाइन पार, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ श्री रमेश कुमार सुपुत्र श्री ज्ञानीराम, गांव भराण पाना जिंदराण, महम, रोहतक ❖ सुनील यादव सुपुत्र श्री बलजीत सिंह, बेरी, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री हवा सिंह सुपुत्र श्री फूल सिंह, गांव बैंसी, तह. महम, जिला रोहतक ❖ तमन्ना पुत्री श्री मनोज कुमार निवासी गांव व डाकखाना तिगड़ाना, जिला भिवानी ❖ उदित पुत्र श्री बलजीत निवासी मकान नं. 302, बिजली बोर्ड कालोनी, भिवानी ❖ श्रीमति संतोषी पत्नी श्री जोगेंद्र, म. नं. 251, वार्ड 12, महम, रोहतक ❖ निरंजन देव पुत्र श्री पं. देवी दत्त निवासी मकान नं. 19/150, नई बस्ती, गली नं. 1, बहादुरगढ़, झज्जर ❖ रोहित पुत्र श्री जसवंत निवासी गांव मुकन्दपुर, बहादुरगढ़, जिला झज्जर ❖ पलक पुत्री श्री मोहित निवासी गांव डाबड़ा जिला हिसार ❖ गुणपाल सिंह पुत्र श्री ठाकुर सिंह निवासी वार्ड नं. 20, गवार फैक्टरी, भिवानी ❖ चरण सिंह भक्त पुत्र श्री धर्मबीर निवासी श्री जोतराम धाम, गांव बादल, जिला चरखी दादरी ❖ जगदीश वर्मा पुत्र श्री लक्ष्मी नारायण निवासी 527, कोंट रोड़, गली नं. 10, शांति नगर, भिवानी ❖ श्री नमन सुपुत्र श्री कृष्ण लाल, 167/25, गांधी नगर, रोहतक ❖ ज्योति रानी पत्नी श्री जय गोपाल निवासी नया भारत नगर, गोकुल एन्कलेव, भिवानी ❖ वीना रानी पत्नी श्री मनमोहन निवासी दादरी गेट, कोंट रोड, शांति नगर, भिवानी ❖ श्री रणबीर सिंह सुपुत्र श्री अमीलाल, 1344/1, लाल बहादुर शास्त्री नगर, रोहतक ❖ श्रीमति साक्षी पत्नी श्री मनमोहन, गांव व डा. अजायब, तह. महम, रोहतक ❖ करतार सिंह पुत्र श्री निहाल सिंह निवासी गांव प्रेम नगर, जिला भिवानी ❖ सुनीता पत्नी श्री पवन निवासी डाबर कालोनी, भिवानी ❖ श्री जयबीर सिंह सुपुत्र रामधारी, सूर्य नगर, गली नं. 4, रोहतक ❖ श्री चंद्र राम सुपुत्र श्री सुलतान सिंह, टैगोर कॉलोनी, माजरा।

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतु साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते है :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005


*राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला में खंड स्तरीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन*

# खंड स्तरीय प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

राजकीय मॉडल संस्कृति प्राथमिक पाठशाला मातनहेल में मंगलवार को खंड स्तरीय प्रतिभा खोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मातनहेल खंड शिक्षा अधिकारी राजबाला फौगाट की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में खंड के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल में मंजू जाखड़, संदीप जाखड़, रेखा, रेनु, नरेंद्र, प्रदीप, सुनील, सोनिया और सुलेखा शामिल है। 2डी पेंटिंग में मॉडल स्कूल लडायन के छात्र शुभम ने प्रथम स्थान हासिल किया।

### 2डी पेंटिंग में मॉडल स्कूल लडायन के छात्र शुभम ने प्रथम स्थान हासिल किया

इसी प्रकार 3डी आर्ट में मूंदसा स्कूल के विनीत, थियेटर प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में कालियावास स्कूल के अजय, लड़कियों के वर्ग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खापड़वास की छात्रा लता, एकल गायन, लोक नृत्य व शास्त्रीय नृत्य में मॉडल स्कूल लडायन के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। नौवीं से बारहवीं कक्षा तक के वर्ग की समूह नृत्य प्रतियोगिता में राजकीय कन्या स्कूल बहु व समूह गान प्रतियोगिता में राजकीय कन्या स्कूल मातनहेल के विद्यार्थियों ने पहला स्थान हासिल किया। इस मौके पर प्रीत कुमार, बीआरपी दिनेश कुमार, वेद प्रकाश, एबीआरसी सरिता, पिंकी, प्रमिला सहित अन्य उपस्थित रहे।


झज्जर। कार्यक्रम के दौरान मंच पर उपस्थित शिक्षक एवं प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### जसौरखेड़ी कॉलेज की 3 छात्राओं ने जीते पदक



**बहादुरगढ़।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय रोहतक में आयोजित इंटर कॉलेज खेल प्रतियोगिता में जसौर खेड़ी राजकीय महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर कॉलेज का नाम रोशन किया है। कॉलेज की बीए द्वितीय वर्ष की छात्रा मोनिका ने वेटलिफ्टिंग की 76–86 किलोग्राम भारवर्ग श्रेणी में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता। वहीं प्रथम वर्ष की नैंसी ने भी बेहतरीन प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक हासिल किया। प्रथम वर्ष की तन्नू ने एथलेटिक्स में प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक प्राप्त किया। जसौर खेड़ी कॉलेज के समस्त स्टाफ सदस्यों ने तीनों छात्राओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**खबर संक्षेप**

## सेक्टर-2 सेवाकेंद्र में वर्कशॉप शुरू

**बहादुरगढ़।** सेक्टर-2 स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय सेवाकेंद्र में माताओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए दो दिवसीय विशेष वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यशाला का मंगलवार को शुभारंभ हुआ। जबकि बुधवार को इसका समापन होगा।

## कॉलेज गया छात्र नहीं लौटा

**बहादुरगढ़।** रोहद से रोहतक कॉलेज के लिए निकला एक छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। काफी तलाशने के बाद वह नहीं मिला तो परिजनों ने अब पुलिस को सूचना देकर तलाश की गुहार लगाई है। रोहद के निवासी प्रदीप का कहना है कि उसका 20 वर्षीय बेटा शुभम बीटेक थर्ड इयर में है। वह रोहतक एमडीयू में पढ़ता है। सुबह घर से कॉलेज के लिए निकला था लेकिन वापस नहीं आया। पुलिस तलाशने में मदद करे।

## सरकार को नहीं दिखती किसानों की बर्बादी

**बहादुरगढ़।** ऑल इंडिया किसान खेत मजदूर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह मातनहेल तथा सचिव जयकरण मांडौठी के अनुसार प्रदेश सरकार ने अभी तक भारी बारिश, जलभराव व बाढ़ से 4 महीने पहले बर्बाद हुई फसलों की गिरदावरी का काम भी पूरा नहीं किया है। जबकि मुख्यमंत्री ने कहा था कि सरकार दिवाली से पहले किसानों को फसल बर्बादी का मुआवजा दे देगी। संगठन सरकार के इस टिरकाऊ रवैये की कड़ी निंदा करता है।

## आईफोन चोरी का एक आरोपी गिरफ्तार

**झज्जर।** पुलिस टीम द्वारा आईफोन चोरी मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। दुलीना चौकी प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि जून माह में यूपी निवासी रमेश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि उनके वेयरहाउस से एक आईफोन चोरी हो गया है और चोरी करने वाला कंपनी का कर्मचारी है जो चोरी करने के बाद से दोबारा काम पर नहीं लौटा। शिकायत के आधार पर दर्ज मामले में कार्रवाई करते हुए दुलीना चौकी की पुलिस टीम ने आरोपी एमपी निवासी अभिषेक अहिरवार को गिरफ्तार कर चुराया गया मोबाइल फोन भी बरामद किया है।

### नशा परिवार और समाज पर भी गंभीर प्रभाव डालता

# ग्रामीणों को किया नशा छोड़ने के प्रति जागरूक

नशा मुक्ति टीम के उप-निरीक्षक सुनील कुमार ने सभी को किसी भी प्रकार का नशा न करने की शपथ दिलवाई




झज्जर। ग्रामीणों को नशा मुक्ति के संबंध शपथ दिलाते हुए टीम सदस्य व संवाद भवन में नशे के खिलाफ जागरूकता की शपथ दिलाते एडीसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला प्रशासन द्वारा मंगलवार को क्षेत्र के गांव खेड़ी होशदारपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन कर महिलाओं व ग्रामीणों को नशा मुक्ति के संबंध में जागरुक किया गया। नशा मुक्ति टीम के उप-निरीक्षक सुनील कुमार ने सभी को किसी भी प्रकार का नशा न करने की शपथ दिलाते हुए कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज पर भी गंभीर प्रभाव डालता है। उन्होंने उपस्थित लोगों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने, स्वस्थ जीवन अपनाने और अन्य लोगों को भी जागरुक करने के लिए प्रेरित किया।

### नागरिकों को दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ

**झज्जर।** समाज कल्याण एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान की पांचवीं वर्षगांठ पर जिले के सरकारी कार्यालयों व शिक्षण संस्थानों में नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ सामूहिक शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में नागरिकों ने क्यूआर कोड के माध्यम से जुड़कर सामूहिक शपथ में भाग लिया।

### नशे के दुष्प्रभावों के बारे में किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज. झज्जर : पुलिस विभाग के ट्रैफिक यूनिट के प्रभारी वीरेंद्र कुमार द्वारा मंगलवार को बस स्टैंड के नजदीक कार्यक्रम का आयोजन कर राहगीरों को यातायात संबंधी नियमों और नशे से होने वाले खतरों बारे जागरुक किया गया। उन्होंने लोगों को समझाया कि सड़क सुरक्षा सिर्फ नियमों के पालन से ही सुनिश्चित हो सकती है। तेज रफ्तार, गलत ओवरटेकिंग और नशे की हालत में वाहन चलाना दुर्घटनाओं का मुख्य कारण बनते हैं। जिनसे न सिर्फ चालक बल्कि अन्य निर्दोष लोगों की जान भी खतरे में पड़ती है। उन्होंने युवाओं को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहने तथा दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट और गाड़ी चलाते समय सीट बेल्ट का नियमित उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।



झज्जर। राहगीरों को नशे के दुष्प्रभावों व यातायात नियमों के संबंध में जागरुक करते हुए पुलिसकर्मी।

### कर्मचारियों को नशे से दूर रहने को प्रेरित किया

**बहादुरगढ़।** पुलिस टीम ने सिटी फुट क्राफ्ट और हाई लुक फुटवियर कंपनी के कर्मचारियों को नशे के दुष्प्रभाव व यातायात नियमों के महत्व के बारे में जागरूक किया। एसआई सत्यप्रकाश ने कर्मचारियों को नशे से दूर रहने और यातायात नियमों का पालन करने की भी सलाह दी। उप निरीक्षक सत्यप्रकाश ने कहा कि नशा व्यक्ति की एकाग्रता और निर्णय क्षमता को कमजोर कर देता है, जिससे कार्यस्थल पर दुर्घटनाओं की संभावना कई गुणा बढ़ जाती है। विशेषकर भारी मशीनरी के संचालन के दौरान नशे की अवस्था बेहद खतरनाक साबित हो सकती है। उन्होंने कर्मचारियों से अपील की कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और अपने साथियों को भी इससे होने वाले नुकसान के बारे में सचेत करें। यदि कार्यस्थल पर कोई व्यक्ति नशे की हालत में दिखाई दे, तो उसे समझाएं और जरूरत पड़ने पर प्रबंधन को सूचित करें ताकि किसी भी अनहोनी को रोका जा सके।

### विद्यार्थियों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ

8-विद्यार्थियों को दिलाई नशामुक्ति की शपथ

हरिभूमि न्यूज. झज्जर : भारत सरकार के नशा मुक्त भारत अभियान की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में राजकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय में नशामुक्ति जागरुकता को लेकर शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नशा निषेध क्लब, एनएसएस और एनसीसी द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से दूर रखना और उन्हें स्वस्थ, जागरुक तथा जिम्मेदार नागरिक बनने के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में अर्थशास्त्र प्राध्यापक डॉक्टर मनोज कुमार ने विद्यार्थियों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई और नशे की सामाजिक, आर्थिक तथा व्यक्तिगत हानियों पर प्रकाश डाला।

## संस्कारम् विवि में कल होगा विरासत-ए-झज्जर कार्यक्रम का भव्य आगाज

महोत्सव शिक्षा व संस्कृति का अनूठा संगम प्रस्तुत करेगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

संस्कारम विश्वविद्यालय पाटौदा में वीरवार को विरासत-ए-झज्जर : अपनी बोली, अपनी संस्कृति और अपनी पहचान नामक भव्य सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। संस्कारम् ग्रुप के चेयरमैन एवं विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने बताया कि हरियाणा की लोक अस्मिता, परंपराओं और ग्रामीण जीवनशैली को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित यह महोत्सव शिक्षा व संस्कृति का अनूठा संगम प्रस्तुत करेगा।

कार्यक्रम में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल, पुलिस उपायुक्त लोगेश कुमार, एडीसी जगनिवास, सीटीएम नमिता कुमारी, डीईओ राजेश कुमार खन्ना, डीसीडब्ल्यूओ नरेंद्र मलिक, लेखक और प्रख्यात वक्ता कर्नल योगेंद्र सिंह सहित अनेक अधिकारी व मौजिज लोग शामिल होंगे। महोत्सव में मिस्टर झज्जर, मिस झज्जर व देहाती रंगों से भरपूर धाकड़ ताऊताई प्रतियोगिताएं आकर्षण का केंद्र रहेंगी। उन्होंने बताया कि महोत्सव में जहां 14 से 17 आयु वर्ग के युवा लोक-नृत्य, लोक-गायन, रागनी, समूह गान और देसी कला की प्रस्तुति देंगे वहीं उनके लिए रस्साकस्सी, पिट्ठू, कबड्डी, कुश्ती और मलखंब जैसे पारंपरिक खेलों का आयोजन भी किया जाएगा।

### किया जा रहा विरासत गांव का निर्माण

विश्वविद्यालय के चांसलर डॉक्टर महिपाल ने बताया कि महोत्सव की तैयारियों को लेकर विश्वविद्यालय परिसर में विरासत गांव का निर्माण किया जा रहा है। जिसमें प्रदेश के ग्रामीण जीवन, खान-पान, वेशभूषा और घरेलू लोक धंधों की झलक देखने को मिलेगी। लोक कलाकारों की उपस्थिति और विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी इस आयोजन को और भी रोचक बनाएगी। इसके अलावा महोत्सव में पहुंचने वाले दर्शक साग-रोटी, लस्सी, चूरमा, घी-शक्कर जैसे देसी खान-पान का स्वाद लेकर प्रदेश के गांवों की मिट्टी की खुशबू को महसूस कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि विरासत गांव को पारंपरिक ग्रामीण रूप देने के लिए विद्यार्थी और प्राध्यापक मिलकर जहां नौहरे, बैठक, पोली, साल, तीजन, बिटौड़े, घेर गितवाड़, ओबरे, चरखा-घर, खेल का गोरवा, मंदिर और नगर खेड़ा चौपाल का निर्माण कर रहे हैं वहीं रसोई घरों, लोकवस्तुओं, घरेलू धंधों, खेत-खलिहान, डरावों को भी उसी प्रामाणिकता से बनाया जा रहा है, जैसा ग्रामीण जीवन में देखने को मिलता है।

## छारा कॉलेज में आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

मंगलवार को छारा चौधरी हरद्वारी लाल राजकीय महाविद्यालय में महिला प्रकोष्ठ द्वारा चार दिवसीय आर्ट एंड क्राफ्ट कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह वर्कशॉप 21 नवंबर तक चलेगी। कार्यशाला में नेशनल अवार्डी चंद्रकांत बोंदवाल के निर्देशन में ममता त्रिपाठी, लक्ष्य और अमृता ने विद्यार्थियों को कला का प्रशिक्षण दिया। मंगलवार को छारा के राजकीय महाविद्यालय में शुरू हुई आर्ट एंड क्राफ्ट वर्कशॉप का समापन 21 नवंबर को होगा।

कार्यशाला का शुभारंभ प्राचार्या डॉ. अनीता दलाल द्वारा किया गया। महिला प्रकोष्ठ प्रभारी ज्योति ने सभी कलाकारों का धन्यवाद किया। उनके अनुसार महाविद्यालय की छात्राओं को अपनी कला सीखने और निखारने का अवसर देने के लिए यह कार्यशाला अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि नियम से प्रशिक्षण प्राप्त करने से छात्राएं भविष्य में क्राफ्ट वर्क के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर अवसर प्राप्त कर सकेंगी। मोनिका व ललिता आदि की उपस्थिति में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता दर्ज कराई।



बहादुरगढ़। छात्राओं को क्ले आर्ट की बारीकी समझाती ममता त्रिपाठी।

## समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का हो जल्द निपटान

**झज्जर।** मंगलवार को डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने अधिकारियों की बैठक लेते हुए समाधान शिविर से जुड़ी शिकायतों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों को लंबित न रखते हुए तत्परता से समाधान करवाकर समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर रिपोर्ट अपडेट करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी शिकायत पोर्टलों की प्रतिदिन निगरानी रखते हुए प्राप्त शिकायतों का शीघ्र समाधान करना सुनिश्चित करें और शिकायत के समाधान उपरांत एटीआर अवश्य अपलोड करें।



झज्जर। अधिकारियों की बैठक में समाधान शिविर से जुड़ी समस्याओं की समीक्षा करते डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल।

## विरोध के बीच डीटीपी ने हटवाए बेरिकेड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

गांव सराय औरंगाबाद में एक रास्ते को लेकर कुछ दिन से विवाद चल रहा था। मंगलवार को जिला नगर योजनाकार की टीम वहां पहुंची और सड़क पर की गई बेरिकेडिंग को हटवा दिया। हालांकि एक पक्ष द्वारा विरोध भी किया गया, लेकिन भारी पुलिस बल की उपस्थिति में कार्रवाई पूरी की गई।

बता दें कि मास्टर प्लॉन के इस रोड का फिलहाल अधिग्रहण नहीं हुआ है। लेकिन इस सड़क पर एक स्कूल भी स्थित है और एक रियल एस्टेट कंपनी की बहुमंजिला इमारत भी है। लेकिन आपसी विवाद के बीच इस सड़क पर दीवार भी खड़ी हो गई तथा बेरिकेडिंग भी कर दी गई। कई दिनों से यह स्थिति बरकरार थी। मंगलवार को डीटीपी दलबल के साथ मौके पर पहुंची और सड़क की एंट्री पर लगे बेरिकेड्स को हटवा दिया। हालांकि वहां मौजूद कुछ लोगों ने इस कार्रवाई का विरोध किया। लेकिन पुलिसबल के समक्ष उनकी एक नहीं चली। भूमालिकों में से एक बिजेंद्र लाठर ने बताया कि अधिकारिक दबाव में प्रशासन ने गैर कानूनी तरीके से इस कार्रवाई को अंजाम दिया है। इसके लिए कोई नोटिस नहीं दिया गया। यह जमीन उनके परिवार से जुड़ी दो संस्थाओं की है। मास्टर प्लान में यहां 24 मीटर रोड दर्शाया गया है। हालांकि अभी तक सरकार ने ना तो जमीन अधिग्रहित की है और ना ही जमीन को दान किया गया है।



बहादुरगढ़। मंगलवार को बेरी रोड पर बेरिकेड्स हटवाती डीटीपी की टीम।

## फसल अवशेष जलाना कानूनन अपराध : जिलाधीश

**झज्जर।** जिलाधीश स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जिले में खरीफ फसलों के अवशेष व धान की पराली जलाने पर प्रतिबंध के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश 17 जनवरी 2026 तक लागू रहेंगे। जिलाधीश द्वारा जारी आदेशों में कहा गया है कि कटाई के बाद खेतों में फसल अवशेष एवं पराली जलाने से आगजनी, कानून-व्यवस्था प्रभावित होने का खतरा तथा मानव जीवन व शांति के लिए गंभीर जोखिम की संभावना बनी रहती है। इसके साथ-साथ खेतों में पराली जलाने से मिट्टी के आवश्यक पोषक तत्व, कार्बन, माइक्रो-ऑर्गेनिज्म नष्ट हो जाते हैं, जिससे मृदा उर्वरता घटती है। आदेशों का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अंतर्गत कठोर कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## आज अनाजमंडी में चलेगा केवल उठान कार्य



झज्जर। अनाज मंडी में फसलों की पैकिंग में जुटे श्रमिक।

**झज्जर।** स्थानीय अनाजमंडी में धान की आवक जोरों पर है। आढ़तियों द्वारा प्राइवेट स्तर पर किसानों का धान बोली लगाकर खरीदा जा रहा है। मंगलवार को 1718 हाथ का निकला 1500 क्विंटल धान 3600 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदा गया। इसी प्रकार के 1121 किस्म का 1250 क्विंटल धान 4050 रुपये प्रति क्विंटल तथा मशीन से निकाला गया इसी किस्म का 1000 क्विंटल धान 3400 प्रति क्विंटल की दर से खरीदा गया। 1885 किस्म का 1000 क्विंटल धान 3521 रुपये प्रति क्विंटल से बिका। आढ़तीय यूनियन सदस्य विनोद पूनिया ने बताया कि मंडी में चल रहे धीमे उठान कार्य को देखते हुए आढ़तियों द्वारा बुधवार को केवल उठान कार्य चलाने का निर्णय लिया गया।



झज्जर। प्रशिक्षण में उपस्थित प्रशिक्षक एवं एनसीसी कैडेट्स। फोटो : हरिभूमि

## कैडेट्स को सिखाया एकता व अनुशासन का पाठ

**झज्जर।** एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में मंगलवार को एनसीसी कैडेट्स के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में वन हरियाणा नेवल यूनिट फरीदाबाद के पेटी ऑफिसर रवि कुमार ने एनसीसी कैडेट्स को विस्तृत जानकारी दी। सीटीओ महेंद्र कुमार ने बताया कि एचडी ग्रुप सचिव हेमंत गुलिया की अध्यक्षता में आयोजित इस शिविर में प्रमुख प्रशिक्षक रवि कुमार द्वारा कैडेट्स को अनुशासन, एकता और देशभक्ति के प्रति समर्पित रहने का पाठ सिखाया गया। उन्होंने अपने वक्तव्य में नेवल और समर्पण की भावना पर विस्तार से प्रकाश डाला। एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया ने अपने संबोधन में कहा कि एनसीसी से अनेक लाभ हैं। इससे जहां सरकारी नौकरी में प्राथमिकता मिलती है वहीं अनुशासन, नेतृत्व की भावना, सामुदायिक विकास और आपदा प्रबंधन जैसे मनोभाव भी जागृत होते हैं। इस मौके पर एचडी ग्रुप सचिव सचिव विशाल नेहरा और प्राचार्य सतबीर सिंह सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

## लोगों को दिलाई बाल विवाह रोकने के लिए शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

■ बाल विवाह एक कानूनी अपराध है तथा यह बालक-बालिकाओं के विकास में बाधक है

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, शिक्षा विभाग महिला एवं बाल विकास विभाग, संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी तथा एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था द्वारा मंगलवार को क्षेत्र के गांव गांगटान व बिरोहड़ में कार्यक्रमों का आयोजन कर लोगों को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने के लिए जागरुक किया गया। गांव के स्कूलों व आंगनवाड़ी केंद्रों में चलाए गए गए इस कार्यक्रम में सामुदायिक कार्यकर्ता संदीप जांगड़ा ने लोगों को बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 संबंधी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बाल विवाह एक कानूनी अपराध है तथा यह बालक-बालिकाओं के विकास में बाधक है।

इस दौरान संस्था के कार्यकर्ताओं द्वारा लोगों को बाल विवाह निषेध अधिनियम संबंधी शपथ भी दिलाई गई। इस मौके पर एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था से जिला समन्वयक मनोज कुमार, पूनम, सुमित्रा, प्रमिला, बनीता, पिंकी, नीलम, कविता, माधुरी सहित अन्य भी उपस्थित रहे।




झज्जर। कार्यक्रम में बाल विवाह रोकने संबंधी शपथ लेते हुए महिलाएं।

## स्टॉक संचालकों को पीटा 80 हजार रुपये भी गायब

**बहादुरगढ़।** प्रवासी मजदूरों का बीच बचाव करने आए स्टॉक मालिकों पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया। हमले में एक युवक को गंभीर चोट आई। पीड़ित के 80 हजार रुपये भी इस दौरान गायब हो गए। आसौदा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात अंकित, रितुपूर्ण व उनके दो लेबर के साथ हुई है। पुलिस को दी शिकायत में छारा के निवासी अंकित का कहना है कि उसने रितुपूर्ण के साथ छारा में रेती-रोड़ी का स्टॉक कर रखा है। गत 16 नवंबर को लेबर बबलू व विनोद सांपला से बाइक पर सामान लेकर आ रहे थे। भापड़ोदा बाईपास पर पीछे से बाइक पर आ रहे मंजीत ने बबलू व विनोद को थप्पड़ मारा और गाली देकर चला गया। टोल पर पहुंचने पर हमारी लेबर ने मंजीत से थप्पड़ मारने का कारण पूछा तो उनसे फिर मारपीट की। इसके बाद लेबर ने हमें सूचना दी। हम वहां गए और कारण पूछा तो आरोपी हमारे आगे ही लेबर को मारने लगा। फिर उसने अपने कई साथी बुला लिया।

**बैठक** | बैठक में डॉ. सुदर्शन पूनिया ने पिछले माह हुए सेंसस असेसमेंट के आंकड़ों की प्रस्तुति दी

# खंड परियोजना कार्यान्वयन इकाई ने बैठक में की समीक्षा

प्रत्येक प्राथमिक विद्यालय में जीरो पीरियड के दौरान निदानात्मक शिक्षण पर खास जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में खंड परियोजना कार्यान्वयन इकाई की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी शेर सिंह की अध्यक्षता में किया गया। बैठक की शुरुआत निपुण हरियाणा के जिला समन्वयक डॉ. सुदर्शन पूनिया ने की।

बैठक में डॉ. सुदर्शन पूनिया ने पिछले माह हुए सेंसस असेसमेंट के आंकड़ों की विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि बहादुरगढ़ ब्लॉक के 4 विद्यालय ए श्रेणी, 19 विद्यालय बी श्रेणी और 61 विद्यालय सी श्रेणी में पाए गए हैं। उन्होंने कहा कि दिसंबर तक कम से कम 50 प्रतिशत विद्यालयों को सी से बी श्रेणी में लाना लक्ष्य है। इसके लिए जीरो पीरियड में नींव मजबूत करने वाली गतिविधियों और निदानात्मक शिक्षण पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए। प्रत्येक बच्चे का प्रदर्शन दिखाती शीट भी अध्यापकों को साझा की गई, ताकि सुधार के बिंदुओं पर फोकस किया जा सके। डॉ. पूनिया ने कहा कि छात्रों की साक्षरता कौशल में अभी काफी सुधार की आवश्यकता है और आने वाले आकलन में इसी पर प्राथमिकता से काम किया जाएगा। बीईओ शेर सिंह ने एबीआरसी और सीआरसी टैग अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यालयों की प्रगति पर लगातार निगरानी रखी जाए। उन्होंने कहा कि कमतर प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों में जीरो पीरियड के क्रियान्वयन की गुणवत्ता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है। हमारा उद्देश्य हर विद्यालय को निपुणता की दिशा में निरंतर गति से आगे बढ़ाना है।



बहादुरगढ़। बैठक को संबोधित करते डॉ. सुदर्शन पूनिया।